Central University of Haryana

NAAC Accredited ‘A’ Grade University

Public Relations Office

National Youth Day Celebration

Newspaper: Amar Ujala **Date: 13-01-2023**

स्वामी विवेकानंद का जीवन युवाओं के लिए मार्गदर्शन : प्रो. टंकेश्वर

संवाद न्यूज एजेंसी

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेविवि) महेंद्रगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) और यूथ रेडक्रॉस के सामूहिक प्रयास से राष्ट्रीय युवा दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन तथा उनकी विचारधारा युवा पीढ़ी के लिए उत्साह और मार्गदर्शन का एक उत्तम स्रोत है। स्वामी विवेकानंद के अनुसार समाज एवं राष्ट्र के निर्माण के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। शिक्षा लोगों को सशक्त करने का एक मौलिक स्रोत है। विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के संयोजक प्रो. दिनेश चहल ने बताया कि स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन तथा भारत को विश्व स्तरीय पहचान दिलवाने में उनके योगदान से युवा पीढ़ी को अवगत करवाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत, युवाओं में एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। संवाद

इस दौरान विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा सहित विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षक, विद्यार्थी उपस्थित रहे।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Dainik Bhaskar **Date: 13-01-2023**

हकेवि में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर हुआ कार्यक्रम

महेंद्रगढ़ | हकेवि, महेंद्रगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना और यूथ रेड क्रॉस के सामूहिक प्रयास से राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम हुआ । कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन तथा उनकी विचारधारा युवा पीढ़ी के लिए उत्साह और मार्गदर्शन का एक उत्तम स्रोत है। विवेकानंद जी के अनुसार समाज एवं राष्ट्र के निर्माण के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत, एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Dainik Jagran **Date: 13-01-2023**

स्वामी का जीवन मार्गदर्शन का स्रोत : टंकेश्वर

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़ : हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) और यूथ रेडक्रास के सामूहिक प्रयास से राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन तथा उनकी विचारधारा युवा पीढ़ी के लिए उत्साह और मार्गदर्शन का एक उत्तम स्रोत है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के अनुसार समाज एवं राष्ट्र के निर्माण के लिए शिक्षा बहुत ज़रूरी है। विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के संयोजक प्रो. दिनेश चहल ने बताया कि स्वामी विवेकानंद जी के जीवन दर्शन तथा भारत को विश्व स्तरीय पहचान दिलवाने में उनके योगदान से युवा पीढ़ी को अवगत करवाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत, युवाओं में एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ● सौ. हकेंवि प्रवक्ता

Central University of Haryana

NAAC Accredited ‘A’ Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Aaj Samaj **Date: 13-01-2023**

हकेवि में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) और यूथ रेड क्रॉस के सामूहिक प्रयास से राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का जीवन तथा उनकी विचारधारा युवा पीढ़ी के लिए उत्साह और मार्गदर्शन का एक उत्तम स्रोत है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के अनुसार समाज एवं राष्ट्र के निर्माण के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। शिक्षा लोगों को सशक्त करने का एक मौलिक स्रोत है। विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के संयोजक प्रो. दिनेश चहल ने बताया कि स्वामी विवेकानंद जी के जीवन दर्शन तथा भारत को विश्व स्तरीय पहचान दिलवाने में उनके योगदान से युवा पीढ़ी को अवगत करवाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत, युवाओं में एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा सहित विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।